

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

ऐश्वर्या राय ने पेरिस में दिखाया फैशन का जलवा


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 171 ■ बुधवार, 25 सितंबर 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now /ulhasvikas संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# सेवानिवृत्त कर्मियों को मिलेगा पूरा एरियर्स!




**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगर पालिका के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनका पूरा बकाया मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। चालू वित्तीय वर्ष में उल्हासनगर मनपा दिवाली से पहले 50 हजार रुपये की पहली किस्त का भुगतान करके बकाया राशि का भुगतान करना शुरू कर देगा। ऐसा लिखित पत्र मनपा प्रशासन ने 'कायद्याने वागा' के राज असरोंडकर को दिया है. 'कायद्याने वागा' द्वारा किए गए आंदोलन से लगभग दो हजार सेवानिवृत्त कर्मचारियों को लाभ होगा। अब से मनपा प्रशासन ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति के दिन ही सभी लाभ देने की योजना बनाई है

2016 से पहले सेवानिवृत्त हुए 1032 कर्मचारी और 2016 के बाद सेवानिवृत्त हुए 433 कर्मचारी कई वर्षों से 7वें वेतन आयोग के अंतर का इंतजार कर रहे थे। 'कायद्याने वागा' के प्रणेता राज असरोंडकर एवं प्रहार जनशक्ति के ठाणे जिला अध्यक्ष एड. स्वप्निल पाटिल के नेतृत्व में दो दिवसीय धरना भी दिया गया. कर्मचारी सोमवार 23 सितंबर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करने वाले थे। हालांकि, मनपा आयुक्त विकास ढाकणे के हस्तक्षेप के बाद आंदोलन स्थगित कर दिया गया।

पहले दौर की चर्चा शुक्रवार, 20 सितंबर को और दूसरे दौर की चर्चा सोमवार को हुई। आयुक्त विकास ढाकणे और लेखाधिकारी किरण भिलारे इस बात पर अड़े रहे कि एकमुश्त भुगतान करना संभव नहीं है, लेकिन थोड़ा-थोड़ा करके भुगतान करना संभव है। हालाँकि, बाद में आयुक्त ने वित्तीय वर्ष के अंत तक सभी ऋणों को चुकाने का वादा किया। मनपा की समग्र स्थिति को देखते हुए आयुक्त ने 5 माह का अतिरिक्त समय मांगा, जिस पर प्रदर्शनकारी भी सहमत हो गये.

इस चर्चा में राज असरोंडकर के साथ एड. स्वप्निल पाटिल, शैलेश तिवारी और तानाजी पतंगराव, बालासाहेब नेटके, नंदलाल समतानी, मनोहर पानसरे, भगवान कुमावत, रतन केदार आदि सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भाग लिया।

# एनकाउंटर की जांच करेगी CID

- परिवार का आरोप- उसे कस्टडी में पीटा गया
- विपक्ष बोला- हथकड़ी में फायरिंग कैसे की

**ठाणे.** बदलापुर रेप केस में एनकाउंटर की जांच मंगलवार को CID को सौंप दी गई। ठाणे क्राइम ब्रांच ने 23 सितंबर को केस के आरोपी अक्षय शिंदे का ठाणे में एनकाउंटर कर दिया था। क्राइम ब्रांच अक्षय को तलोजा जेल से बदलापुर लेकर गई थी। शाम करीब 6:15 बजे उसका एनकाउंटर कर दिया गया। सरकार ने कहा था कि अक्षय ने पुलिस की रिवॉल्वर छीनकर फायर किए, सेल्फ डिफेंस में पुलिस ने गोली चलाई और अक्षय मारा गया।




## आरोपी की मां बोलीं- हम शव नहीं लेंगे

उधर, आरोपी शिंदे की मां ने कहा है कि पुलिसवालों ने हमें अक्षय का शव भी देखने नहीं दिया था। हम अस्पताल में घंटों इंतजार करते रह गए। अक्षय के खिलाफ यौन शोषण के आरोप साबित नहीं हुए थे। वह पटाखे फोड़ने से डरता था। पुलिस पर गोली कैसे चला सकता है। एनकाउंटर एक साजिश है। हम अब उसका शव नहीं लेंगे। अक्षय ने बताया था कि पुलिस वाले उसे पीटते थे। दबाव डालकर बयान भी लिखवाते थे।

फैमिली ने कहा कि अक्षय को कस्टडी में जमकर पीटा गया था। उसके बाद मामले को दबाने के लिए एनकाउंटर कर दिया गया। उसका शव भी नहीं देखने दिया। विपक्ष ने एनकाउंटर पर सवाल किया- अक्षय हथकड़ी में था, वो फायरिंग कैसे कर सकता है।

# बदलापुर केस में नया मोड़?

- उसी स्कूल से एक लड़की लापता!
- तिरोडकर की जनहित याचिका

**मुंबई.** बदलापुर के एक निजी स्कूल की दो नाबालिग लड़कियों से यौन उत्पीड़न मामला सामने आ चुका है. अब इस मामले में नया मोड़ आ गया है.

आरटीआई कार्यकर्ता केतन तिरोडकर ने आरोप लगाया है कि केस दर्ज होने के दूसरे दिन ही एक लड़की लापता हो गई. इस संबंध में उन्होंने यह भी मांग की कि मामले को सीबीआई को सौंप दिया जाना चाहिए.

केतन तिरोडकर ने अपनी याचिका में यह भी गंभीर आरोप लगाया है कि स्कूल के ट्रस्टी मानव तस्करी और चाइल्ड पोर्नोग्राफी में शामिल हैं. इसके अलावा बदलापुर कांड का मामला दर्ज होने के दूसरे दिन उसी थाने में उस स्कूल से एक और लड़की के लापता होने की सूचना दी गयी.


तिरोडकर ने मांग की है कि पूरी जांच तत्काल सीबीआई से कराई जानी चाहिए क्योंकि मुख्य आरोपियों को बचाने की कोशिश की जा रही है. उन्होंने इस मामले में सीधे बॉम्बे हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है. इस बीच उन्होंने यह भी कहा है कि आरोपी ने पुलिस के सामने पूर्व आईपीएस अधिकारी मीरा बोरवणकर से मिलने की इच्छा जताई थी.

याचिका में दावा किया गया है कि अगर आरोपी अक्षय शिंदे हाई कोर्ट द्वारा गठित विशेष कमेटी के सामने पेश होता तो मामले का रुख अलग हो जाएगा, इसलिए उसका एनकाउंटर किया गया. साथ ही स्कूल से सीसीटीवी गायब करने वाले ट्रस्टी और कर्मचारी अभी भी फरार हैं, जिसने ठाणे पुलिस और एसआईटी पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है.

# अंबरनाथ नपा की नई इमारत का POP गिरा

- 45 करोड़ की लागत से बनी है इमारत
- एक लिफ्ट भी बंद

▶▶ यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद की दो मंजिला इमारत के निर्माण को अभी दो वर्ष भी नहीं हुए हैं. इमारत उद्घाटन के बिना ही प्रशासन ने कामकाज शुरू है. सोमवार को इमारत की दूसरी मंजिल की सीढ़ियों पर छत का पीओपी गिर गया. इमारत में प्रवेश द्वार के पास बरसात का पानी भी टपकता हुआ देखा गया है. अब पीओपी के छत से गिरने के बाद शहरवासी ये कह रहे हैं कि इस दो मंजिला इमारत पर और दो मंजिला निर्माण करना है. क्या ये मुमकिन है? नपा की ये इमारत 45 करोड़ रुपए खर्च करके बनाई गई है. नपा की पुरानी इमारत जो कि सन 1978 में प्रभाकर नलावड़े के नगराध्यक्ष के कार्यकाल में निर्माण की गई थी. इमारत खस्ता हाल होने के कारण नई इमारत में कामकाज शुरू किया गया है. इस नई प्रशासकीय इमारत निर्माण के लिए एक ठेकेदार और इंटीरियर काम दूसरे ठेकेदार को दिया गया था. सोमवार को दोपहर में प्रशासकीय इमारत की दूसरी मंजिल की सीढ़ियों पर अचानक पीओपी गिर गया. इस इमारत की पहली और दूसरी मंजिल पर आने के लिए दो तरफ से लिफ्ट लगाई गई है. इसमें से एक लिफ्ट गत कई महिनों से बंद है. शौचालय के नल भी खराब हो गए हैं.

# कैसे हुआ अक्षय शिंदे का एनकाउंटर...!

- आखिरकार पुलिस ने बताया घटनाक्रम!



**ठाणे.** बदलापुर स्कूल घटना के अलावा दो अन्य मामलों में उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेने के लिए पुलिस तलोजा जेल पहुंची थी. पुलिस के संरक्षण में आरोपी ने रिवाल्वर छीनकर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने फायरिंग की. इसमें अक्षय शिंदे की मौत हो गई. अब इस मामले में पुलिस की प्रतिक्रिया सामने आई है. उन्होंने प्रेस नोट जारी कर घटना की जानकारी दी है.

POCSO अधिनियम के तहत गिरफ्तार और वर्तमान में तलोजा सेंट्रल जेल में न्यायिक हिरासत में आरोपी अक्षय शिंदे को बदलापुर पूर्व पुलिस स्टेशन जी.आर. संख्या 409/2024 377,324, 323, 504 के तहत अपने कब्जे में लेने के लिए ठाणे ट्रांसफर वारंट के साथ तलोजा सेंट्रल जेल पहुंची. प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक शाम करीब 05.30 बजे उक्त आरोपी को पुलिस टीम ने तलोजा सेंट्रल जेल से अपने कब्जे में लिया था।

इसे लेकर ठाणे आते समय लगभग 06.00 से शाम 6.15 बजे के दरम्यान जब पुलिस मुंब्रा बाईपास पर पहुंची, तो आरोपी अक्षय अण्णा शिंदे ने पुलिस अधिकारी सपोनि/नीलेश मोरे की कमर से सर्विस पिस्तौल खींच ली और पुलिस टीम की ओर 03 राउंड फायरिंग की। जिसमें से 01 राउंड सपोनि/नीलेश मोरे के बायीं जांघ में लगी और 02 राउंड अन्यत्र फायर किये गये. तब आत्मरक्षा में दस्ते के एक पुलिस अधिकारी ने आरोपी की ओर 01 गोली चलाई, तो आरोपी अक्षय शिंदे घायल हो गया।

पुलिस टीम तुरंत घायल पुलिस अधिकारी सपोनि/नीलेश मोरे और आरोपी अक्षय शिंदे को छत्रपति शिवाजी महाराज सरकारी अस्पताल, कलवा ले आई, जहां जांच के बाद अक्षय शिंदे को मृत घोषित कर दिया गया।

## कौन हैं संजय शिंदे?

- आरोपी पर गोली चलाने वाले इंस्पेक्टर संजय शिंदे ठाणे क्राइम ब्रांच के एंटी-एक्सटॉर्शन सेल के हेड रह चुके हैं। वे एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा की टीम में भी थे। 2017 में इस टीम ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद के भाई इकबाल कासकर को गिरफ्तार किया था।
- बॉम्बे हाईकोर्ट ने 19 मार्च को एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा को आजीवन जेल की सजा सुनाई थी। उन्हें 2006 में गैंगस्टर छोटा राजन के करीबी के फर्जी एनकाउंटर मामले में दोषी माना गया था। प्रदीप शर्मा की टीम के एनकाउंटर की कहानी पर डॉक्युमेंट्री सीरीज भी बन चुकी है।
- संजय शिंदे के खिलाफ 2012 में इन्क्वायरी भी हुई थी। 2012 में दो हत्या मामलों का आरोपी विजय पलांडे पुलिस हिरासत से भाग निकला था। वह जिस **SUV** से भागा था, उसमें संजय की वर्दी मिली थी। साल 2000 में भी किडनैपिंग केस में वे विवादों में आए थे।

# अंबरनाथ रेल आरक्षण केंद्र बना कचरा डम्पिंग स्थान

## कचरे के पहाड़ से होकर जाना पड़ता है आरक्षण केंद्र में





**अंबरनाथ.** अंबरनाथ रेल आरक्षण केंद्र के समक्ष गत कई दिनों से गंदगी और कचरे का ढेर एकत्रित है. जिसके कारण यहां पर बदबू फैली हुई है. लोग यहां पर सीढ़ियों के नीचे शौच कर रहे हैं. शहर पश्चिम से इस रेल आरक्षण केंद्र पर आने के लिए दो रास्ते थे. उसमें से एक रास्ता रेलवे ने पतरे की हदबंदी करके बंद कर दिया है. यहां पर सब्जी वाले गोनी में भरकर अपनी सब्जियां रख रहे हैं. खुले हुए एकमात्र रास्ते पर छत के सीमेंट के पतरे टूटे हुए पड़े हैं. कचरे का अंबार लगा हुआ है.

नगरपरिषद स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने कुछ दिनों पूर्व यहां पर साफ सफाई किया था. रेलवे प्रशासन का कहना है कि ये रास्ता नगर परिषद की हद में आता है. उनको सफाई करना चाहिए. अब प्रश्न ये उठता है कि रेलवे ने पतरे की हदबंदी करके रास्ता क्यों बंद किया, जबकि उनके अनुसार ये जगह नगर परिषद की है? शहर पश्चिम और पूर्व को जोड़ने वाले पादचारी रेलवे पुल की सीढ़ियों पर भी कचरा साफ नहीं किया जा रहा है. आरक्षण केंद्र पर तत्काल टिकट पाने के लिए रात भर कतार में खड़े मुसाफिरों का कहना है कि रेल प्रशासन ने इस ओर ध्यान देकर आरक्षण केंद्र के आसपास का कचरा साफ करना चाहिए और प्रधानमंत्री द्वारा जारी स्वच्छता अभियान को अमल में लाना चाहिए क्योंकि टिकट निकालने के लिए आरक्षण केंद्र पर कचरे के ढेर पर से ही जाना पड़ रहा है.

# उल्हासनगर विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक

- उपविभागीय अधिकारी और चुनाव रिटर्निंग अधिकारी ने किया मार्गदर्शन



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर विधानसभा आम चुनाव 2024 के अंतर्गत 141 उल्हासनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 23 सितंबर को दोपहर 12:30 बजे सिंधु भवन, उल्हासनगर-3, सपना गार्डन के पास, उपविभागीय अधिकारी और चुनाव रिटर्निंग अधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई थी।

उक्त बैठक में मा. अनुविभागीय अधिकारी विजयानंद शर्मा ने उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को चुनाव कार्य के बारे में मार्गदर्शन दिया। साथ ही सहायक चुनाव अधिकारी के रूप में उल्हासनगर के तहसीलदार कल्याणी कदम, सहायक निदेशक शहरी नियोजन उमपा, ललित खोब्रागड़े और तालुका कृषि अधिकारी विठ्ठल कांबले कार्य करेंगे.

सभी अपने-अपने विषय से संबंधित पीपीटी पढ़ेंगे, दिव्यांग मतदाताओं को सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे, स्वीप टीम द्वारा अधिक से अधिक मतदान हेतु जनजागरण किया जाये तथा सभी नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों को विधानसभा चुनाव में सभी को कार्य करना चाहिए जैसा कि उन्होंने पिछली लोकसभा में किया था.

उक्त बैठक के दौरान तहसीलदार कल्याणी कदम, उल्हासनगर मनपा के अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस, तालुका कृषि अधिकारी विठ्ठल कांबले, नायब तहसीलदार प्रशांत कुमावत सहित चुनाव से संबंधित सभी अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

# झगड़ा निपटाने गए युवक की बेरहमी से हत्या



- दो गिरफ्तार, दो की तलाश में जुटी कोलसेवाड़ी पुलिस

**कल्याण.** पुराने झगड़े की मांडवली करने गए एक युवक की सरेआम हत्या किए जाने से कल्याण के नांदिवली इलाके में सनसनी मच गई है। यह सनसनीखेज घटना सोमवार देर रात की है। मृतक का नाम अय्यूब अर्शदगनी शेख (23) बताया गया है, जो कोलसेवाड़ी के अतुल देसी बार स्थित सुनील गायकवाड चाल का रहने वाला है। इस हत्याकांड में कोलसेवाड़ी पुलिस ने दिनेश लंके, अजित खांडे, सुजल जाधव और भावेश शिंदे नामक चारों पर हत्या का मामला दर्ज किया है। चारों आरोपी चिंचपाड़ा परिसर के रहने वाले बताए जा रहे हैं। वारदात में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार है, जबकि दो अन्य की तलाश की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की देर रात मृतक अय्यूब अपने दोस्त हेमंग उतमानी, अनिल वाल्मीकि और सूरज चोटेले के साथ नांदिवली गया था। पुराने झगड़े की सुलह के लिए आरोपी सुजल और भावेश के साथ उनकी बातचीत चल रही थी। इसी दौरान अन्य दो आरोपी अजित और दिनेश लाल रंग की स्कूटी पर सवार होकर आए। पुलिस के मुताबिक वह दोनों सुजल और भावेश के बुलाने पर घटनास्थल पर पहुंचे थे। इस बीच आरोपियों ने लात-घूसों से बुरी तरह पिटाई करने के बाद चॉपर से हमला कर अय्यूब को मौत के घाट उतार दिया। वारदात की सूचना मिलते ही कोलसेवाड़ी पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद चार में से दो आरोपी सुजल जाधव व भावेश शिंदे को दबोच लिया है। जबकि दिनेश लंके और अजित खांडे यह दोनों फरार है, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

# सांस्कृतिक मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने सिंधी समाज से किया वादा निभाया

## महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी की पुरुस्कार राशि हुई दुगनी- महेश सुखरामनी




**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र सरकार सांस्कृतिक मंत्री सुधीर मुंगटीवार ने सिंधी समाज के साथ अपना वचन पूरा किया है और उन्होंने महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी की पुरुस्कार राशि बढ़ाकर दुगनी कर दी है। जिससे सिंधी समाज और साहित्य करो, कवि, लेखक में उत्साह का वातावरण बना हुआ। इससे सिंधी कलाकारों को और भी प्रोत्साहन मिलेगा।

पिछले दिनों महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी कार्याध्यक्ष महेश सुखरामानी द्वारा वर्ष 2023–24 के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन चंद्रपुर शहर के प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी सांस्कृतिक सभागृह में किया गया था। इसमें पुरस्कार प्रदान के साथ अकादमी के कार्याध्यक्ष महेश सुखरामानी के कार्यकाल में संपन्न कार्यक्रमों की स्मारिका का मंत्री सुधीर मुंगटीवार के हाथो से विमोचन हुआ था।

इस मौके पर सिंधी साहित्यअकादमी के कार्याध्यक्ष महेश सुखरामानी के कार्यों की तारीफ करते हुए मंत्री ने कहा था कि, महेश सुखरामानी ने गत एक-देढ वर्ष में महाराष्ट्र के 22 शहरों में साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा। महेश जी ने सिंधी भाषा, साहित्य, कला और संस्कृति के विकास के लिए अद्भुत कार्य किया है, इस मौके पर मंत्री ने अगले वर्ष से सिंधी सहित्य अकादमी पुरस्कार की राशि दुगनी करने की भी घोषणा की थी। इसी अपने वचन घोषणा को पूरा करते हुए मंत्री सुधीर मुंगटीवार ने सिंधी समाज के लिए सिंधी सहित्य अकादमी के पुरस्कार की राशि दुगनी कर दिया जिससे सिंधी समाज और साहित्यकारों , लेखक, कवियों में खुशी की लहर छायी हुई है। इस मौके पर महेश सुखरामनी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्य मंत्री सुधीर मुंगटीवार ने जो यह कार्य सिंधी समाज के लिए किया है उसके लिए मे उनका दिल से आभार मानता हुँ ऐसा कार्य मंत्री जी ने महाराष्ट्र के इतिहास में पहली बार करके दिखाया जिसकी तारीफ सिंधी समाज, साहित्यकार, लेखक, कवि हर जगह कर रहा है। इससे साहित्यकारों को जीवन यापन में सुविधा मिलेगी ।अब अखिल भारतीय जीवन गौरव सम्मान पुरस्कार दो लाख, सिंधी साहित्य क्षेत्र में चार लाख, पत्रकारिता पुरस्कार 50000, अनुवाद पुरस्कार 50000, कवि पुरस्कार 50 हजार, नवोदित साहित्य पुरस्कार 50000 कर दिया गया है। इससे सिंधी समाज साहित्य प्रचार प्रसार में बहुत ही मदद मिलेगी और सिंधी सहित्य अकादमी के पुरस्कार की राशि दुगनी किए जाने से सिंधी समाज, साहित्यकार ,लेखक कवि लिए गर्व की बात है। महेश सुखरामनी ने कहा कि इस कार्य के लिए महाराष्ट्र के सभी सिंधी समाज की तरफ से मैं सांस्कृतिक कार्य मंत्री सुधीर मुंगटीवार का दिल से आभार प्रकट करता हूं।

## दीवार ढहने से 20 दुपहिया वाहन क्षतिग्रस्त


ठाणे. ठाणे शहर में मंगलवार की सुबह एक आवासीय परिसर की दीवार गिरने से कम से कम 20 दुपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

ठाणे महानगरपालिका के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासिन तडवी ने बताया कि शिवाई नगर में तड़के करीब चार बजे हुई घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।

### शहर में पिछले 24 घंटे में भारी बारिश हुई है।

तडवी ने बताया कि आवासीय परिसर की दीवार का एक हिस्सा उसके किनारे खड़े वाहनों पर गिर गया और कम से कम 20 दुपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

सूचना मिलने के बाद स्थानीय दमकल कर्मी और क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे और मलबा हटाया गया।

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास संपादकीय

## वामपंथी नेता की चली आंधी

करीब दो वर्ष पहले श्रीलंका में उपजे आर्थिक संकट के बीच जो हालात पैदा हुए थे, उसके मद्देनजर यह आशंका स्वाभाविक थी कि इस स्थिति से निकलने में देश को शायद काफी वक्त लग जाए। मगर चुनावों के बाद अब वहां एक तरह से नई सत्ता की स्पष्ट तस्वीर उभर कर सामने आई है। श्रीलंका में हुए चुनाव के बाद आखिरकार वामपंथी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके को 42.31 फीसद मत मिले और उनके प्रतिद्वंद्वी रहे सजीथ प्रेमदासा को 32.76 फीसद वोट मिले। मगर दूसरे दौर की गिनती के बाद दिसानायके को वहां के नौवें राष्ट्रपति के रूप में चुन लिया गया।

दिलचस्प यह है कि सन 2019 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में दिसानायके को सिर्फ तीन फीसद वोट मिले थे। यानी कहा जा सकता है कि इस बीच श्रीलंका में आर्थिक संकट और बिगड़ती स्थिति के बीच मुख्यधारा के बाकी राजनीतिक पक्षों में से किसी की भी आम लोगों की अपेक्षाओं या उम्मीदों के बीच जगह नहीं बची थी। इस बीच देश से भ्रष्टाचार खत्म करने, मजदूरों की आवाज उठाने और अच्छा प्रशासन देने के दिसानायके के वादे ने एक तरह से अंधेरे में घिरी आम जनता को उम्मीद की रोशनी दी।

निश्चित रूप से श्रीलंका के लिए यह एक नई बयार है और उम्मीद की जानी चाहिए कि वह कुछ वर्ष पहले भिन्न धार्मिक पहचान पर आधारित हिंसा से लेकर व्यापक आर्थिक संकट की वजह से पैदा हुए व्यापक अराजक विद्रोह के हालात से आगे की राह पर कदम बढ़ाएगा। दिसानायके की जीत को श्रीलंका में नस्लीय या धार्मिक कट्टरता के खिलाफ जनादेश भी कहा जा सकता है।

मगर भारत और उसके पड़ोसी देशों की इस बात पर नजर रहेगी कि नई भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच अंतरराष्ट्रीय संबंधों के समीकरण में श्रीलंका क्या रुख अख्तियार करेगा। पहले ही इस बात की आशंका जताई जाती रही है कि चीन के कर्ज के जाल में उलझने का असर श्रीलंका के अपने पड़ोसी देशों के साथ संबंधों और नीतियों पर पड़ता रहा है। अब वहां वामपंथी विचारधारा के एक नेता के राष्ट्रपति बनने के बाद यह देखने की बात होगी कि श्रीलंका चीन के प्रभाव से किस हद तक मुक्त रह पाता है।

# श्रीलंका की दशा-दिशा कैसे सुधारेंगे दिसानायके !

एक ऐसे देश में, जो अपनी आर्थिक बदहाली से उबरने की कोशिश में है, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की शर्तों व उनका आम लोगों पर पड़ रहे असर के बीच सामंजस्य बनाने का प्रयास कर रहा है, वहां एक धुर वामपंथी राजनेता का राष्ट्रपति चुनाव जीत जाना किसी ऐतिहासिक घटना से कम नहीं है। श्रीलंका के नए राष्ट्रपति के रूप में अनुरा कुमारा दिसानायके (जिनको एकेडी नाम से पुकारा जाता है) का निर्वाचन इसलिए भी खास है, क्योंकि उन्होंने रानिल विक्रमसिंघे, साजिद प्रेमदासा, नमल राजपक्षे जैसे दिग्गजों को हराया है। उल्लेखनीय यह भी है कि इस बार देश के इतिहास में पहली बार दूसरे दौर की मतगणना कराई गई, क्योंकि पहले दौर में कोई प्रत्याशी 50 फीसदी मत पाने में सफल नहीं हो सका।


बहरहाल, जेवीपी पार्टी के नेता अनुरा की जीत जितनी अप्रत्याशित है, उनकी चुनौतियां उतनी ही प्रत्याशित। असल में, उन्होंने चुनाव के दौरान ऐसे-ऐसे वायदे किए हैं, जिनको पूरा करना काफी मुश्किल हो सकता है। मिसाल के तौर पर, उन्होंने कहा था कि आईएमएफ की शर्तों से देश पर जो सामाजिक-आर्थिक प्रभाव पड़ रहा है, उसकी समीक्षा की जाएगी और लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए नए सिरे से शर्तों पर बात की जाएगी। आईएमएफ किसी देश की आर्थिक अस्थिरता को दूर करने के लिए सब्सिडी खत्म करने, वेतन-पेंशन आदि अचानक न बढ़ाने जैसी शर्तें लगाता है। जाहिर है, इस बाबत कोई कदम उठाना फिलहाल काफी कठिन है।



जब श्रीलंका दिवालिया घोषित किया गया था, तब भारत, जापान जैसे बड़े निवेशक देश आईएमएफ में उसके गारंटर बने थे। इन्होंने आईएमएफ की इस शर्त को माना था कि ये अपने कर्ज का फिर से निर्धारण करेंगे और श्रीलंका को उसे चुकाने के लिए कुछ अतिरिक्त समय देंगे, ताकि वह आईएमएफ से मिलने वाली रकम का इस्तेमाल देश के विकास में कर सके। बाद में चीन ने भी इसमें साथ दिया, क्योंकि वह श्रीलंका में सबसे बड़ा निवेशक है। नतीजतन, नकारात्मक विकास दर वाला श्रीलंका आज दो फीसदी से अधिक की दर पर तरक्की कर रहा है। लिहाजा, निवेशकों के लिए श्रीलंका को आकर्षक बनाने के लिए ही अनुरा काम करेंगे, न कि आईएमएफ की शर्तों पर पुनर्विचार का आग्रह करके विदेशी पूंजी के प्रवाह को बाधित करने की दिशा में।

श्रीलंका को एक स्थिर मुल्क के तौर पर आगे बढ़ाने की मंशा अनुरा ने फरवरी में भी दिखाई थी, जब वह भारत आए थे। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् के तहत जब वह दिल्ली में बड़े नेताओं से मिल रहे थे, तब उन्होंने यही भरोसा देने की कोशिश की थी कि मुश्किल दिनों में भारत ने श्रीलंका की जो मदद की है, उसे भुलाया नहीं जा सकता। साल 2022 में जिस राजनीतिक- आर्थिक मंझधार में श्रीलंका फंस गया था, उससे उबरने में भारत ने तत्काल तकरीबन 40 लाख डॉलर की आर्थिक मदद की थी और चिकित्सकीय टीम, जरूरी दवाएं आदि भेजने के साथ बिजली की व्यवस्था भी करवाई थी। कुछ आलोचक भले ही भारत से जुड़ी एकाध परियोजना की समीक्षा संबंधी उनके बयान को तवज्जो दें, लेकिन आज भी सच यही हैकि श्रीलंका आर्थिक स्थिरता की ओर ही बढ़ना पसंद करेगा, जिसका एलान नए राष्ट्रपति बार-बार करते रहे हैं। इसी तरह, वामपंथी रुझान की वजह से उनकी चीन से निकटता का इस्तेमाल भी उनके खिलाफ किया जा रहा है, लेकिन उन्होंने हंबनटोटा बंदरगाह की शर्तों की भी पुनर्समीक्षा की बात कही है, जिसका चीन उपयोग कर रहा है।

साफ है, श्रीलंका के हितों को आगे बढ़ाने का ही प्रयास अनुरा करेंगे। वहां आर्थिक सुधार के काम यूं ही चलते रहेंगे। अच्छी बात यह भी है कि वह साफगोई से अपनी बात रखते हैं, फिर चाहे आईएमएफ की नीतियों की मुखालफत हो या विक्रमसिंघे की आलोचना, उन्होंने कभी कुछ नहीं छिपाया। 1987-89 में जब जेवीपी विद्रोह हुआ था, तब भी उन्होंने अपने राजनीतिक रुख को लेकर दुराव-छिपाव नहीं किया था। लिहाजा, उम्मीद यही है कि आगे भी वह इसी पारदर्शिता का परिचय देंगे और भारत सहित दुनिया के तमाम देशों को श्रीलंका की स्थिरता का जो भरोसा दिया है, उस पर खरे उतरेंगे।


आत्मा को पूर्ण तृप्ति तभी मिलती है जब वो वापस परमात्मा में लीन हो जाती है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# प्रशांत महासागर में चीन का बढ़ता दखल

भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया के संगठन क्वाड का यह छठवां शिखर सम्मेलन था, जिसमें चारों देशों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। अभी चार वर्ष हुए हैं इस संगठन को बने हुए। इस बीच दो आभासी माध्यम से बैठकें भी हो चुकी हैं। इस सम्मेलन में क्वाड देशों के बीच हिंद प्रशांत क्षेत्र में स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी ऐतिहासिक फैसले हुए हैं। इसमें 'कैंसर मूनशाट इनिशिएटिव' के जरिए हिंद प्रशांत क्षेत्र में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से जीवन बचाने के लिए साझेदारी और समुद्री सुरक्षा को आगे बढ़ाने के लिए 2025 में 'क्वाड ऐट सी शिप आब्जर्वर मिशन' शुरू करना शामिल है।

इसके जरिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे के समावेशी विकास को आगे बढ़ाया जाएगा। संभावित बीमारियों और महामारियों से पार पाने के लिए पहले से रणनीति बनाने पर भी जोर दिया गया है। निस्संदेह ये महत्त्वपूर्ण समझौते हैं। गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से पार पाना इस समय की बड़ी चुनौती है। क्वाड समझौते से निश्चय ही इस पर काबू पाने में काफी मदद मिल सकेगी। इसके अलावा, इस सम्मेलन में क्वाड देशों के बीच सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला को मजूबत बनाने के लिए किया गया समझौता बेहद अहम है।



हिंद प्रशांत क्षेत्र विश्व का सबसे अधिक आबादी वाला और आर्थिक रूप से सक्रिय क्षेत्र है, जिसमें चार महाद्वीप शामिल हैं- एशिया, अफ्रीका, आस्ट्रेलिया और अमेरिका। इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते दखल से सारे देश सतर्क हैं। दरअसल, चीन से मिलने वाली चुनौतियों से पार पाने के मकसद से ही क्वाड का गठन किया गया था। इस क्षेत्र में भारत की भूमिका अहम है। अमेरिका, आस्ट्रेलिया और जापान चीन का मुकाबला करने के लिए दक्षिण चीन सागर तथा पूर्वी चीन सागर में भारत की उपस्थिति चाहते हैं।

भारत भी अपनी सीमाओं और पड़ोसी देशों में चीन की पैठ से परेशान है। अमेरिका से उसकी तनातनी पुरानी है। ऐसे में, इन देशों के एक मंच पर उपस्थित होने से चीन को चुनौती देने में आसानी होगी। समुद्री सीमा के विस्तार और उसमें इन देशों के साझा सैन्य अभ्यास से चीन को रोकना आसान होगा। इस अर्थ में क्वाड का ताजा शिखर सम्मेलन कई अर्थों में ऐतिहासिक कहा जा सकता है।

फिलहाल देशों की ताकत उनकी तकनीकी संपन्नता से आंकी जाने लगी है। इस मामले में चीन अनेक मामलों में अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया से बहुत आगे है। खासकर सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में फिलहाल पूरी दुनिया में उसका दबदबा है। अमेरिका ने पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में काफी तरक्की की है, पर अब भी वह चीन से काफी पीछे है। भारत ने सेमीकंडक्टर निर्माण की दिशा में बहुत तेजी से कदम आगे बढ़ाया है, मगर उसके सामने कई अड़चनें बनी हुई हैं। दो कंपनियों ने इसमें निवेश का उत्साह दिखाया था, मगर उन्होंने अपने कदम वापस खींच लिए। तीसरी कंपनी को विदेशी विशेषज्ञों की जरूरत है, जो फिलहाल उपलब्ध नहीं हो पा रहे। ऐसे में क्वाड सम्मेलन में इस क्षेत्र में शोध और शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए आर्थिक मदद की घोषणा से निश्चय ही उल्लेखनीय नतीजे आने की उम्मीद की जा सकती है। हालांकि सम्मेलन के बाद हमारे प्रधानमंत्री ने चीन का नाम लिए बगैर कहा कि क्वाड किसी के खिलाफ नहीं है। हम क्षेत्रीय अखंडता और सभी मुद्दों पर शांतिपूर्ण तरीके से समाधान करने के समर्थन में हैं। पर इस वास्तविकता से इनकार नहीं किया जा सकता कि क्वाड की सक्रियता से चीन की चिंता तो बढ़ी है।

# जाग उठा 'मुर्दा'! बिहार में अजीबोगरीब मामला

बिहार के नालंदा जिले से अजीबोगरीब मामला सामने आया है यहां एक व्यक्ति को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया जा रहा था. तभी वह उठ खडा हुआ. इस दौरान नालंदा सदर अस्पताल में अफरा तफरी मच गई. बताया जा रहा है अस्पताल के शौचालय में बेहोशी की अवस्था में एक व्यक्ति मिला था. वहां मौजूद लोगों ने उसे उठाने का काफी प्रयास किया. जब देर तक वह नहीं उठा तो व्यक्ति को मृत समझकर अस्पताल प्रबंधन के द्वारा स्थानीय थाना को घटना की जानकारी दी गई.


## जरा हट के

सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस अस्पताल पहुंच देखा तो पुलिस वाले भी इसे मृत समझ बैठे. इसके बाद सदर डीएसपी भी मामले को संज्ञान में लेते हुए FSL की टीम को मौत की जांच के लिए सूचना कर दी. पुलिस FSL की टीम का इंतजार कर ही रही थी. इसी बीच किसी ने इस बात की जानकारी सिविल सर्जन डॉक्टर जितेंद्र कुमार सिंह को दी. सिविल सर्जन ने जब बाथरूम में आकर युवक को देखा, तो उन्होंने भी बिना नब्ज टटोले युवक को पोस्टमॉर्टम में ले जाने का आदेश दिया. जैसे ही युवक के कानों तक यह बात पहुंची वह उठ खड़ा हो गया. जैसे ही वह युवक उठा तो अस्पताल परिसर मे थोडी देर के लिए अफरा तफरी मच गया.



दरअसल पूरी कहानी यह है कि नालंदा के सदर अस्पताल में यह घटना हुई है. बाथरूम साफ करने के लिए सफाई कर्मी शौचालय के पास पहुंचा तो बाथरूम का दरवाजा अंदर से बंद था और एक व्यक्ति का चप्पल बाहर पड़ा हुआ था. काफी देर बीत जाने के बाद भी दरवाजा नहीं खोला. जिसके बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी गई. पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर दरवाजा का ऊपरी हिस्सा तोड़ा तो देखा एक व्यक्ति बाथरूम में गिरा हुआ था और कोई हलचल नहीं कर रहा था. इसके बाद उसे मृत समझकर फॉरेंसिक टीम को सूचना दे दी गई. वहीं बताया गया कि हार्ट अटैक से मौत हुई है.

# गड़बड़ खान-पान से भी बढ़ सकती हैं फेफड़ों की दिक्कतें



**वर्ल्ड लंग्स डे**

फेफड़ों के स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इससे संबंधित बीमारियों की रोकथाम को लेकर हर साल 25 सितंबर को वर्ल्ड लंग्स डे यानी विश्व फेफड़ा दिवस मनाया जाता है। आइए जानते हैं कि फेफड़ों को स्वस्थ रखने के लिए किन चीजों का सेवन करना चाहिए और किससे बचाव किया जाना चाहिए?

फेफड़ों की बढ़ती बीमारियां स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए गंभीर चिंता का कारण बनी हुई हैं। फेफड़ों में संक्रमण हो या लंग्स कैंसर की दिक्कत, लगभग हर उम्र के लोग इस तरह की परेशानियों के शिकार देखे जा रहे हैं। अस्थमा और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) जैसी बीमारियां कम उम्र के लोगों को भी प्रभावित करती देखी गई हैं।

डॉक्टर्स कहते हैं, फेफड़ों सहित कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों के लिए गड़बड़ खान-पान को एक महत्वपूर्ण कारक माना गया है। आहार-व्यायाम के पालन के साथ प्रदूषकों से बचना आपके फेफड़ों की देखभाल के लिए महत्वपूर्ण है। कहीं आप भी ऐसी चीजें तो नहीं खाते-पीते हैं जिससे जाने-अनजाने शरीर के इस महत्वपूर्ण अंग को नुकसान पहुंच रहा है?

### क्या कहती हैं आहार विशेषज्ञ?

सीओपीडी या पल्मोनरी फाइब्रोसिस (फेफड़ों में जख्म पैदा करने वाली समस्या) जैसी कुछ स्थितियों से पीड़ित लोगों के जीवन की गुणवत्ता पर भी इसका महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है। वहीं लंग्स कैंसर मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक हैं। हालांकि जीवनशैली में बदलाव और आहार में सुधार करके फेफड़ों के साथ पूरे शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है।

आहार विशेषज्ञ पारुल शर्मा बताती हैं, स्वस्थ वसा, प्रोटीन और कॉप्लेक्स कार्बोहाइड्रेट युक्त कुछ खाद्य पदार्थ, फल और सब्जियां आपके फेफड़ों को मजबूत बनाते हैं। जबकि कुछ चीजें आपके लिए दिक्कतें बढ़ाने वाली हो सकती हैं जिनपर ध्यान दिया जाना जरूरी है।

### फेफड़ों को स्वस्थ रखने के लिए क्या खाएं?

- आहार विशेषज्ञ बताती हैं, पोषक तत्वों से भरपूर चीजों को आहार का हिस्सा बनाएं।
- ओमेगा-3 फैटी एसिड वाली चीजें फेफड़ों की कार्यक्षमता को बेहतर बनाने और इससे संबंधित बीमारियों के खतरे को कम करने में मददगार है।
- अंडे, दही, गाय का दूध, सोया मिल्क और जूस का सेवन रोज करें।
- प्रोटीन आपकी श्वसन मांसपेशियों को मजबूत और स्वस्थ रखने में मदद करता है। इससे भरपूर आहार से फेफड़ों की कार्यप्रणाली में सुधार होता है।
- विटामिन-डी में सूजनरोधी और एंटीऑक्सीडेंट वाले प्रभाव होते हैं जिसे फेफड़ों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है।
- पोटेशियम वाली चीजों को फेफड़ों के कैंसर के खिलाफ सुरक्षात्मक प्रभावों वाला पाया गया है। केले, एवोकाडो, दूध, फलियों में ये पोषक तत्व होता है।

### इन चीजों से होता है नुकसान

- आहार विशेषज्ञ कहती हैं, कुछ चीजें फेफड़ों के लिए दिक्कतें बढ़ाने वाली हो सकती हैं, जिनका सेवन कम से कम किया जाना चाहिए।
- अध्ययन में पाया गया कि हाई सोडियम वाली चीजों से फेफड़ों की बीमारियों यहां तक कि कैंसर का खतरा हो सकता है।
- डेयरी उत्पाद वैसे तो विटामिन-डी का बेहतरीन स्त्रोत हैं, हालांकि इसमें वसा भी अधिक होती है, जिसका फेफड़ों की कार्यप्रणाली पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।
- प्रोसेस्ड मीट का अधिक सेवन करने से फेफड़ों की कार्यक्षमता खराब हो जाती है। रेड मीट का भी सीमित सेवन करना चाहिए।
- धूम्रपान और शराब के सेवन को फेफड़ों के लिए सबसे नुकसानदायक माना जाता है।

# ओट्स वाला उत्तपम




ओट्स हेल्दी फूड है, इसे कई तरीकों से खाया जाता है। कुछ लोग दूध में बने ओट्स खाते हैं तो वहीं कुछ इससे बनी पुडिंग को खाना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी इसके बने उत्तपम को खाया है? नहीं, तो इसे आप ब्रेकफास्ट के लिए बनाएं और चटनी के साथ खाएं।

### सामग्री

- आधा कप ओट्स
- आधा छोटा कप सूजी
- आधा छोटा कप बेसन
- 1 बड़ा चम्मच नींबू का रस
- एक चुटकी बेकिंग सोडा
- नमक आवश्यकतानुसार
- 1 प्याज बारीक कटी हुई
- 1 टमाटर बारीक कटा हुआ
- 1 शिमला मिर्च बारीक कटी हुई
- 1 हरी मिर्च कटी हुई
- 2 से 3 बड़े चम्मच धनिया पत्ती
- घी

### विधि :

इसे बनाने के लिए सबसे पहले ओट्स का बैटर बनाएं। इसके लिए ओट्स को मिक्सर में डालें और फिर ओट्स को बारीक पीस लें। इसे छान कर एक कटोरे में निकालें। फिर इसमें सूजी और बेसन मिलाएं। इसके बाद नमक और जरूरत के मुताबिक पानी डालें। इसे अच्छी तरह मिलाएं और बिना किसी गांठ के एक चिकना मिक्स तैयार करें। फिर इसे 20 मिनट के लिए एक तरफ रख दें। जब तक प्याज, शिमला मिर्च, हरी मिर्ट, हरा धनिया और टमाटर को धोकर काट लें। 20 मिनट बाद बैटर थोड़ा गाढ़ा हो जाएगा तो इसमें जरूरत के मुताबिक पानी डालें और फिर सभी सब्जियों को मिलाएं। अंत में नींबू का रस डालें। आप चाहें तो सब्जियों को बैटर में ना मिलाकर ऊपर से डाल सकते हैं। उत्तपम बनाने के लिए तवे को गर्म करें और फिर इसपर बैटर डालें। ऊपर से सब्जी डालें और फिर दोनों तरफ से सेक लें।



## आज का राशिफल

**मेष :** आज के दिन घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। यात्रा व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। कानूनी मामलों में लापरवाही न करें। सम्मान व कीर्ति में वृद्धि होगी। व्यापार में नए प्रस्तावों से लाभ मिलने के योग हैं। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृषभ :** विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक जिम्मेदारी का पूर्ण ध्यान रखें। रचनात्मक कार्यों का प्रतिफल प्राप्त होगा। व्यापार में उन्नति होगी। कानूनी विवादों का निपटारा होगा।

**मिथुन :** मकान व जमीन संबंधी कार्य बनेंगे। संतान पर अनावश्यक रोक न लगाएं। धन लाभ होने की भी संभावना है। आज बुरी खबर मिल सकती है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दौड़धूप अधिक होगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। सामाजिक कार्यों में सीमित रहें।

**कर्क :** मेहनत का फल मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निवेश, यात्रा व नौकरी लाभ देंगे। अपने प्रयासों से उन्नति पथ प्रशस्त करेंगे। इच्छित काम पूर्ण हो सकेंगे। स्वास्थ्य की समस्या सुलझेगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी।

**सिंह :** व्यवसाय में लाभ मिलेगा। अतिथियों का आगमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। स्वाभिमान रहेगा। प्रमाद न करें। बुद्धि चातुर्य से कठिन कार्य भी आसानी से बनेंगे। वैवाहिक अड़चनें समाप्त होंगी। आय-व्यय में असंतुलन की स्थिति बन सकती है।

**कन्या :** यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। भौतिक विकास के कार्यों को बल मिलेगा। भागीदारी के प्रस्ताव आएंगे। दिनचर्या नियमित रहेगी। रिश्तेदारों से भेंट हो सकेगी। दूसरों की आलोचना, निंदा से दूर रहें। फालतू खर्च होगा।

**तुला :** आज क्रोध पर नियंत्रण रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों पर अतिविश्वास न करें। नई योजनाओं का सूत्रपात होगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। व्यावसायिक समस्याओं का हल आपके माध्यम से हो सकेगा। दूसरों से व्यर्थ में न उलझें।

**वृश्चिक :** आज लेन-देन में सावधानी रखें। पुरानी लेनदारी वसूल होगी। यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। व्यवहार-कुशलता से समस्या का समाधान संभव है। व्यापारिक निर्णय लेने में देरी नहीं करना चाहिए। लाभ होगा।

**धनु :** योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। अधूरे पड़े कार्य पूरे होंगे। जीवनसाथी से संबंधों में मधुरता आएगी। प्रयास व सहयोग से अनुकूलता आएगी। पिता से व्यापार के विषय में मतभेद हो सकते हैं।

**मकर :** व्यवसाय में लाभ मिलेगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। नए प्रस्ताव प्राप्त होंगे। सुखद यात्रा के योग हैं। रचनात्मक काम होंगे। आलस्य को त्यागकर कार्यों को समय पर करने से सफलता प्राप्त हो सकती है।

**कुंभ :** पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। विवाद समाप्त होने से शांति एवं सुख बढ़ेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। सोच-समझकर व्यय करें। व्यापार लाभप्रद रहेगा। व्यापार अच्छा चलेगा।

**मीन :** प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। कानूनी बाधा दूर होगी। व्यवसाय में लाभ मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। परोपकारी स्वभाव होने से दूसरों की मदद कर पाएंगे। काम के प्रति लापरवाही न करें। प्रयत्न एवं दूरदर्शिता से सहयोग व समर्थन मिलेगा। कार्यक्षेत्र में लाभ होगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# अदरक लहसुन का पेस्ट बनाने के लिए फॉलो करें ये किचन टिप्स

सुबह की भागदौड़ हो या शाम को घर लौटकर डिनर बनाने की जल्दी, कटी हुई सब्जियों से लेकर तैयार लहसुन अदरक का पेस्ट आपके रसोई के काम को बेहद आसान बना देता है। मास्टर शेफ पंकज भदौरिया के ये किचन टिप्स फॉलो कर सकते हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करके इसे बनाने का सही तरीका शेयर किया है।



### जरूरी चीजें

- 60 प्रतिशत लहसुन
- 40 प्रतिशत अदरक
- 1 बड़ा चम्मच तेल
- 1 बड़ा चम्मच सफेद सिरका
- आधा छोटा चम्मच नमक

### फॉलो करें ये टिप्स

अदरक लहसुन का पेस्ट बनाने के लिए सबसे पहले 60 प्रतिशत लहसुन,40 प्रतिशत अदरक,1 बड़ा चम्मच तेल,1 बड़ा चम्मच सफेद सिरका और आधा छोटा चम्मच नमक एक मिक्सी में डालकर उसका पेस्ट तैयार कर लें। ऐसा करते समय इस बात का खास ख्याल रखें कि इस पेस्ट को बनाते समय इसमें पानी का बिल्कुल यूज नहीं करना है। साथ ही मिक्सी को पल्स पर चलाना है। अब तैयार लहसुन-अदरक के पेस्ट को आप किसी भी कांच के एयर टाइट कंटेनर में भरकर फ्रिज में स्टोर करके रख सकते हैं। इस पेस्ट की खासियत यह है कि आप इस पेस्ट का यूज कई हफ्ते तक कर सकते हैं।

लैपटॉप पर लंबे समय तक काम करने से थक गई हैं आंखें

# फ्रेशनेस लौटाएंगी ये आई एक्सरसाइज

आजकल लोगों का ज्यादातर समय स्क्रीन के आगे बैठकर गुजरता है। मोबाइल, टीवी और लैपटॉप के बिना तो आज का युवा अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकता है। दिनभर ऑफिस में लैपटॉप के आगे काम करने के बाद घर पर भी घंटों रील्स और वीडियो देखने से आंखें बुरी तरह थक जाती हैं। जिसकी वजह से कई बार लोगों को आंखों से पानी आने, ड्राई आई या जलन की समस्या होने लगती है। अगर समय रहते आंखों की सेहत पर ध्यान ना दिया जाए तो ये कमजोर होकर कई समस्याओं का कारण भी बनने लगती हैं।



### क्या होती है आई स्ट्रेन की समस्या

8 से 10 घंटे लगातार स्क्रीन को देखने की वजह से आंखें थक जाती हैं। आंखों को महसूस होने वाली इस थकान को आई स्ट्रेन कहा जाता है। बता दे, एकाग्रता के साथ स्क्रीन पर लंबे समय तक काम करना, मोबाइल और टीवी देखना, कम रोशनी में पढ़ाई करना, लंबे समय तक सिलाई या छोटे अक्षरों को पढ़ना जैसे काम करने से आंखें तनाव में आ जाती हैं और थकावट महसूस करने लगती हैं।

### आंखों की थकावट दूर करेंगी ये एक्सरसाइज

#### आंख छपकाना

आंखों की यह सबसे आसान एक्सरसाइज़ है। इसे करने के लिए, आपको अपनी आंखों को तेजी से 10 सेकंड के लिए झपकाना है और फिर 20 सेकंड के लिए आंखें बंद करके उन्हें रेस्ट दें।

#### 20-20-20 रूल

लंबे समय तक स्क्रीन पर काम करने से आंखों को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए आप ये 20-20-20 रूल वाली आई एक्सरसाइज कर सकते हैं। इस एक्सरसाइज को करने से आंखों को आराम मिलता है। इस एक्सरसाइज में हर 20 मिनट पर, 20 फीट की दूरी पर किसी वस्तु को रखकर 20 सेकंड तक देखें। ऐसा करने से आंखों का तनाव कम होता है और दृष्टि में सुधार होता है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### बेटे के नशेबाजी से तंग आकर पिता ने बेल्ट से घोंट दिया गला, शव के पास रातभर बैठा रहा

**कानपुर.** कानपुर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां शुक्रवार रात ऑटो चालक बेटे की नशेबाजी से तंग आकर पिता ने बेल्ट से पीटने के बाद उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। पिता ने पुलिस को फोन कर अत्यधिक शराब पीने से बेटे की मौत होने की सूचना देकर गुमराह करने का प्रयास किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला कसने से मौत की पुष्टि होने पर पुलिस पिता को पकड़कर थाने ने आई। सख्ती से पूछताछ की तो वह टूट गया और घटना कबूल कर ली। ये घटना पनकी के कांशीराम कॉलोनी का है। जहां 22 वर्षीय रोहित कुमार ऑटो चालक था। शुक्रवार की रात नशे में धुत रोहित ऑटो चलाकर घर पहुंचा और पिता रंजीत के साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने पिता के साथ हाथापाई भी की। इस बीच हाथ आई चमड़े की बेल्ट से रंजीत ने रोहित को पीटना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं बेल्ट से गला घोंटकर रोहित को मौत के घाट उतार दिया।

### आधी रात प्रेमिका से मिलने पहुंचा था प्रेमी, पीटने के बाद परिजनों ने दोनों की कराई शादी

**रामपुर.** रामपुर से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। रामपुर में एक प्रेमी अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंच गया। लेकिन युवती के घरवालों ने उसे पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। मामला कोतवाली पहुंचा तब प्रेमी-प्रेमिका का निकाह करा दिया गया है। ये मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। उत्तराखंड के हल्द्वानी निवासी युवक का चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से फोन पर हुई बातचीत के बाद प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। दोनों ने एक साथ जीने-मरने की कसमें खा लीं। जिसके चलते प्रेमी मौका मिलने पर प्रेमिका से मिलने गांव आता रहता था। शनिवार को देर रात भी प्रेमी अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर आ गया। आहट होने पर युवती के परिजन जाग गए और उन्होंने प्रेमी युवक को दबोच लिया। बताते हैं कि प्रेमी की परिजनों ने पिटाई कर दी। बाद में युवक को कोतवाली ले जाया गया। जहां दोनों पक्षों में बातचीत का दौर शुरू हो गया। पंचायत के जरिए रविवार को आपसी सहमति से दोनों का निकाह करा दिया गया है।

### 12वीं की छात्रा ने स्कूल की दूसरी मंजिल से कूदकर की आत्महत्या

**बाराबंकी.** बाराबंकी से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां मंगलवार सुबह 12वीं की एक छात्रा समय से पहले की स्कूल पहुंच गई। यहां उसने अपने साथी छात्र-छात्राओं से कहा कि वह आज छलांग लगाकर जान देगी। लेकिन बच्चों ने उसे गंभीरता से नहीं लिया। इसके एक घंटे बाद छात्रा स्कूल के दूसरी मंजिल की छत पर पहुंची और छलांग लगा दी। नीचे गिरी छात्रा को देख स्कूल में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे लेकर लखनऊ लोहिया अस्पताल पहुंचे जहां उसकी मौत हो गई। ये घटना कोठी थाना क्षेत्र का है। यहां के रहने वाले दीपक मिश्रा की 17 साल की वैष्णवी मिश्रा बाल विकास विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कोठी में कक्षा बारह की छात्रा थी। वह मंगलवार को सुबह आठ बजे स्कूल आई। प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने बताया कि वह अपने कार्यालय के बाहर बैठे थे कि अचानक उनकी नजर दूसरी मंजिल की छत पर पहुंची एक छात्रा पर पड़ी। उन्होंने इसे लेकर माइक से एनाउंस किया कि कौन छात्रा ऊपर है, तत्काल नीचे आए। विक्रम सिंह के अनुसार जब तक कर्मचारी छत पर पहुंचते उससे पहले छात्रा छत की चाहरदीवारी पर चढ़ी और नीचे छलांग लगाकर कूद पड़ी।

# ट्रेन पलटने की साजिश रचने वालों की खैर नहीं

- NIA की भी एंट्री
- राज्यों से भी रिपोर्ट



**नई दिल्ली.** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का कहना है कि रेलवे ट्रैक पर पत्थर, लोहा जैसी तमाम चीजें रखकर ट्रेनें पलटाने की साजिश रचने वालों पर हमारी नजर है। रेल मंत्री ने कहा कि इन मामलों को हम गंभीरता से ले रहे हैं और एनआईए को भी ऐसे केसों की जांच में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा, 'रेल प्रशासन ने इन मामलों को गंभीरता से लिया है। हम राज्य सरकारों, डीजीपी, गृह सचिवों और पुलिस आदि से संपर्क में हैं। इसके अलावा एनआईए को भी शामिल किया गया है।' मंत्री ने सख्त लहजे में कहा कि हम उन लोगों के खिलाफ कड़ा ऐक्शन लेंगे, जो ऐसे मामलों में शामिल हैं। रेल प्रशासन बहुत मेहनत कर रहा है कि ऐसी कोई घटना दोबारा रेल ट्रैक पर न हो।

इसके अलावा हम गड़बड़ी करने वालों की भी पकड़ करेंगे। उन्होंने कहा कि रेलवे सभी जोन और आरपीएफ को साथ लेकर सुरक्षा तय करने में जुटा है। कानपुर, अजमेर समेत कई जगहों पर ऐसे मामले सामने आए हैं, जब रेल ट्रैक पर रॉड, पत्थर जैसी तमाम चीजें रख दी गईं। एक जगह पर तो रसोई गैस का सिलेंडर ही पाया गया था। ऐसे तमाम मामलों में रेल ड्राइवरों की सतर्कता से हादसों को टालने में मदद मिली, लेकिन सवाल तो उठता ही है कि आखिर कौन लोग ऐसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। आखिर क्यों ये लोग ट्रेनों को पलटाकर देश में बड़ा हादसा कराना चाहते हैं।

अभी 22 सितंबर को ही एक ऐसा केस सामने आया, जब रेलवे ट्रैक पर गैस सिलेंडर पाया गया था। ट्रेन के चालक की सूझबूझ के चलते बड़ा हादसा टल गया और ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए थे। यह ट्रेन कानपुर से प्रयागराज जा रही थी। ऐसा ही एक मामला कानपुर में ही 15 सितंबर को भी सामने आया था। तब किसी ने कालिंदी एक्सप्रेस के सामने सिलेंडर और कुछ अन्य आपत्तिजनक चीजें रख दी थीं।

## कर्नाटक में आंगनवाड़ी टीचरों के लिए उर्दू जरूरी

- बीजेपी ने CM सिद्धारमैया से मांगा जवाब

कर्नाटक सरकार ने राज्य के मुदिगेरे और चिक्कमगलुरु जिलों में आंगनवाड़ी शिक्षक के उम्मीदवारों के लिए उर्दू भाषा की जानकारी को अनिवार्य कर दिया है। इस फैसले के बाद राज्य में हंगामा मचा हुआ है। बीजेपी ने सत्तारूढ़ कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाया है। पूर्व बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और सांसद नलिनकुमार कटील ने इस कदम की आलोचना करते हुए इसे एक खास समुदाय को साधने के लिए बनाई गई खतरनाक राजनीतिक रणनीति बताया।

नलिनकुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ₹राज्य की कांग्रेस सरकार की यह घोषणा कि आंगनवाड़ी शिक्षक की नौकरी पाने के लिए उर्दू भाषा आनी चाहिए निंदनीय है। आंगनवाड़ी शिक्षकों की भर्ती में मुस्लिम समुदाय को खुश करने और केवल उन्हें ही नौकरी देने की छिपी हुई कोशिश एक बार फिर कांग्रेस की कपटी नीति को उजागर कर रहा है।

### बीजेपी ने सरकार से मांगा जवाब

बीजेपी ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और महिला एवं बाल कल्याण मंत्री लक्ष्मी हेब्बलकर पर भी निशाना साधा है। कर्नाटक बीजेपी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ₹कन्नड़ नाडु में उर्दू थोपना चिकमंगलूर जिले के मुदिगेरे में आंगनवाड़ी शिक्षकों की नियुक्ति के लिए उर्दू को अनिवार्य करने के लिए महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा एक आधिकारिक आदेश जारी किया गया है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और मंत्री लक्ष्मी हेब्बलकर इस बात से अवगत हैं।

## कर्नाटक CM सिद्धारमैया पर जमीन घोटाले का केस चलेगा

- सिद्धारमैया की याचिका खारिज



**मैसूर.** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ जमीन घोटाले से जुड़े मामले में केस चलेगा। कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस एम. नागप्रसन्ना ने मंगलवार को कहा- 'याचिका में जिन बातों का जिक्र है, उसकी जांच जरूरी है। केस में मुख्यमंत्री का परिवार शामिल है, इसलिए याचिका खारिज की जाती है।'

राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 16 अगस्त को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS), 2023 की धारा 218 के तहत सिद्धारमैया के खिलाफ केस चलाने की अनुमति दी थी। CM ने 19 अगस्त को इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी।

मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (MUDA) घोटाले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी, साले और कुछ अधिकारियों के खिलाफ शिकायत की गई है। एक्टिविस्ट टी. जे. अब्राहम, प्रदीप और स्नेहमयी कृष्णा का आरोप है कि CM ने MUDA अधिकारियों के साथ मिलकर महंगी साइट्स को धोखाधड़ी से हासिल किया।

## तिरुपति के लड्डू में तंबाकू मिलने का दावा

**महिला श्रद्धालु बोली- लड्डू तोड़ा तो कागज के टुकड़े मिले, उसमें तंबाकू लिपटा था**



**हैदराबाद.** आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) के लड्डू में जानवरों की चर्बी मिलाए जाने के आरोपों के बीच अब तंबाकू मिलने का दावा किया गया है। तेलंगाना की एक महिला ने प्रसादम को लेकर आरोप लगाया है कि उसे लड्डू के अंदर कागज में लिपटे तंबाकू के टुकड़े मिले हैं। उसने इसका वीडियो जारी किया है।

आरोप लगाने वाली डोंथु पद्मावती खम्मम जिले के गोल्लागुडेम की रहने वाली हैं। 19 सितंबर को वे तिरुमाला मंदिर गई थीं। वे वहां से लड्डू लाई थीं। लड्डू में कागज मिलने का वीडियो इंडिया टुडे, ABP नाडु समेत कुछ सोशल मीडिया अकाउंट्स पर शेयर किया गया है। हालांकि, दैनिक भास्कर इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता।


इससे पहले 18 सितंबर को आंध्र प्रदेश के CM चंद्रबाबू नायडू ने आरोप लगाया था कि राज्य में YSR कांग्रेस सरकार में तिरुपति मंदिर के लड्डू (प्रसादम्) में जानवरों की चर्बी वाला वनस्पति तेल और फिश ऑयल मिलाया गया था। इसके अगले दिन TDP ने एक लैब रिपोर्ट दिखाकर अपने आरोपों की पुष्टि का दावा किया था।

### तिरुपति मंदिर की शुद्धि के लिए महाशांति यज्ञ

तिरुपति मंदिर की शुद्धि के लिए महाशांति यज्ञ किया गया। 23 सितंबर को सुबह 6 से 10 बजे तक चले पंचगव्य प्रोक्षण (शुद्धिकरण) में तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (**TTD**) बोर्ड के अधिकारी समेत 20 पुजारी शामिल हुए। अनुष्ठान में लड्डू और अन्नप्रसादम रसोई की शुद्धि की गई। मंदिर के मुख्य पुजारियों में से एक कृष्ण शेषाचल दीक्षितुलु ने कहा, 'सरकार एक प्रस्ताव लेकर आई कि मंदिर को शुद्ध करने के लिए क्या किया जाए। इसलिए हम शांति होम करने के प्रस्ताव के साथ प्रबंधन के पास गए। सुबह 6 बजे हम सभी भगवान वेंकटेश्वर का आशीर्वाद और अनुमति लेने के लिए गर्भगृह में गए। अब सब कुछ शुद्ध हो गया है, मैं सभी भक्तों से अनुरोध करता हूं कि उन्हें अब चिंता करने की जरूरत नहीं है। भगवान बालाजी के दर्शन करें और प्रसाद घर ले जाएं।

## यूपी में दो ट्रेनों पर पथराव

- प्रयागराज में सीमांचल में बैठा यात्री घायल
- मिर्जापुर में महाबोधि पर फेंके पत्थर




**प्रयागराज.** यूपी में सोमवार रात 2 ट्रेनों पर पथराव हुआ। प्रयागराज में आनंद विहार से बरौनी (बिहार) जा रही सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर फेंके गए। इसमें एक यात्री घायल हो गया। दूसरी घटना मिर्जापुर में महाबोधि एक्सप्रेस की है। यहां भी ट्रेन पर पत्थर फेंके गए।

सीमांचल एक्सप्रेस सोमवार शाम 5.30 बजे प्रयागराज जंक्शन से रवाना हुई। शाम 5.40 बजे यमुना ब्रिज से पहले उस पर पथराव शुरू हो गया। ट्रेन पर 10 से ज्यादा पत्थर फेंके गए।

घटना में गेट पर बैठे सुजीत कुमार को पत्थर लग गया। उसका दांत टूट गया और होंठ कट गए। मिर्जापुर पहुंचने पर उसका इलाज किया गया। सुजीत उसी ट्रेन से आगे की यात्रा के लिए रवाना हो गया।

प्रयागराज RPF प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया- घायल सुजीत बिहार के बेगूसराय का रहने वाला है। घटना के समय वह स्लीपर कोच S-3 के गेट पर बैठा था। इलाज कराकर उसे रवाना कर दिया गया है।

### 2-3 युवकों ने मारे पत्थर

घायल सुजीत के भाई ने बताया- हम लोग परिवार समेत दिल्ली से बरौनी जा रहे थे। हमारे पास 3 कंफर्म और 5 वेटिंग टिकट था। यमुना ब्रिज पर जैसी ही ट्रेन पहुंची, 2-3 युवकों ने हमें पत्थर फेंक कर मारे।

गेट पर बैठे मेरे चाचा के लड़के सुजीत के होंठ पर एक पत्थर आकर लगा। उसका एक दांत टूट गया और होंठ पर भी गहरा घाव हो गया। हमारे बड़े पापा का देहांत हो गया, इसलिए हम लोग बरौनी लौट रहे थे।

## यूपी में ढाबा-रेस्टोरेंट पर मालिक की नेम प्लेट जरूरी

**लखनऊ.** यूपी सरकार ने खाने-पीने की दुकानों पर नेमप्लेट यानी दुकानदार का नाम लिखना अनिवार्य कर दिया है। सीएम योगी ने मंगलवार को यह आदेश दिए।

CM योगी आदित्यनाथ ने खाद्य विभाग के साथ बैठक की। उन्होंने कहा- प्रदेश के सभी होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट की गहन जांच और हर कर्मचारी का पुलिस वेरिफिकेशन किया जाए। खाने की चीजों की शुद्धता के लिए खाद्य सुरक्षा अधिनियम में आवश्यक संशोधन किए जाएं।

नए आदेश के मुताबिक, खान-पान केंद्रों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर का नाम और पता डिस्प्ले करना अनिवार्य होगा। पूरे रेस्टोरेंट में CCTV लगाने होंगे। कर्मचारियों को मास्क-ग्लव्ज पहनना जरूरी होगा।

इससे पहले यूपी सरकार ने कांवड़ रूट की दुकानों पर नेमप्लेट अनिवार्य की थी। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया था। कोर्ट ने योगी सरकार के इस फैसले पर रोक लगा दी थी। मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है। मालूम हो कि हाल ही में आंध्रप्रदेश के तिरुपति मंदिर में मिलावट वाले घी से प्रसाद बनाने का मामला सामने आया है।

## महिला 2KM तक रेंगकर पेंशन लेने पहुंचीं

**80 साल की महिला बोलीं- चल नहीं पाती हूं, फिर भी अधिकारी ने ऑफिस बुलाया**

**भुवनेश्वर.** ओडिशा के क्योंझोर में एक 80 साल की महिला को पेंशन के लिए 2 किलोमीटर तक ऑफिस रेंगकर जाना पड़ा। रायसुआं गांव में रहने वाली पथुरी देहुरी बुढ़ापे और बीमारी के कारण ठीक से चल नहीं पाती है।

सीनियर सिटीजन और विकलांग लोगों को घर जाकर पेंशन देने के सरकारी आदेश है। इसके बावजूद भी उन्हें पेंशन लेने के लिए पंचायत ऑफिस जाना पड़ा। मामला 21 सितंबर का है, हालांकि इसका वीडियो मंगलवार को वायरल हुआ।



रिपोर्ट के अनुसार, महिला ने बताया कि हम पेंशन के पैसे से अपना दैनिक खर्च चलाते हैं। पंचायत एक्सटेंशन ऑफिसर (PEO) ने मुझे पेंशन के पैसे लेने के लिए ऑफिस आने को कहा था। जब पेंशन बांटने के लिए कोई भी घर नहीं आया, तो मेरे पास 2 किलोमीटर तक रेंगकर पंचायत ऑफिस पहुंचने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं था।

### सरपंच बोले- अगले महीने से महिला को पेंशन-राशन घर पर मिलेगा

रायसुआं के सरपंच बागुन चंपिया ने बताया कि पथुरी के मामले के बारे में जानकारी लगने के बाद **PEO** और सप्लाई असिस्टेंट को अगले महीने से उनके घर पेंशन और राशन पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। तेलकोई की ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर गीता मुर्मू ने कहा- हमने **PEO** को उन लाभार्थियों को पेंशन देने का निर्देश दिया है, जो ग्राम पंचायत ऑफिस तक पहुंचने में असमर्थ हैं।

## वेटिकन की तर्ज पर बनेगा एक अलग मुस्लिम देश

- महिलाओं को भी पूरी आजादी का प्लान



वेटिकन सिटी को दुनिया का सबसे छोटा देश माना जाता है और कहा जाता है कि ईसाई धर्म की 'शीर्ष सत्ता' यहीं पर कायम है। पोप यहीं बैठते हैं और धर्म से जुड़े मामलों पर यहीं से राय देते हैं। वेटिकन सिटी को एक देश का ही दर्जा प्राप्त है। इसी तर्ज पर एक मुस्लिम मौलवी ने भी एक देश बनाने की कोशिश की है, जहां से मुस्लिमों के मामले डील किए जाएंगे। यह देश अलबानिया की राजधानी तिराना में होगा। यह दुनिया का सबसे छोटा मुल्क होगा। इसका एरिया न्यूयॉर्क सिटी के 5 ब्लॉक जितना होगा। यहां शराब की मंजूरी होगी और महिलाओं को भी जो चाहें पहनने की आजादी होगी। उन पर लाइफस्टाइल से जुड़ी पाबंदियां नहीं रहेंगी।

तिराना नाम से अलग मुल्क बनाने की कोशिश में जुटे मौलवी एडमंड ब्रहीमाज कहते हैं कि खुदा ने किसी भी चीज को लेकर रोक नहीं लगा रखी है। इसीलिए उसने हमें दिमाग दिया है कि हम तय करें कि क्या करना है। बाबा मोंडी के नाम से चर्चित एडमंड कहते हैं कि यह 27 एकड़ में बना देश होगा, जिसे अलबानिया एक अलग मुल्क के तौर पर विकसित करने को राजी है। इसका अपना प्रशासन होगा, सीमाएं तय होंगी और लोगों को पासपोर्ट भी जारी किए जाएंगे। अलबानिया के प्रधानमंत्री ईदी रामा ने भी कहा है कि वह ऐसे एक देश के बारे में ऐलान करेंगे। यह देश इस्लाम की सूफी परंपरा से जुड़े बेक्टाशी ऑर्डर के नियमों को मानेगा।

बेक्टाशी ऑर्डर की शुरुआत 13वीं सदी में ऑटोमन साम्राज्य के दौरान हुई थी। फिलहाल बेक्टाशी ऑर्डर के मुखिया बाबा मोंडी है, जो 65 साल के हैं और पूर्व में अलबानिया की सेना में भी रह चुके हैं। उनकी दुनिया के लाखों मुसलमानों के बीच मान्यता है, जो उन्हें हाजी डेडे बाबा के नाम से भी जानते हैं। बेक्टाशी ऑर्डर का ताल्लुक शिया सूफी संप्रदाय से हैं, जिसकी जड़े 13वीं सदी के दौर में तुर्की में पाई जाती हैं, लेकिन अब इस समुदाय का बेस अलबानिया है। अलबानिया के पीएम ईदी रामा का कहना है कि नया मुस्लिम स्टेट हम इसलिए बना रहे हैं ताकि इस्लाम के उदारवादी चेहरे को दुनिया के सामने रखा जा सके। इसमें हमें गर्व होगा।

## ईरानी कप के लिए रेस्ट ऑफ इंडिया टीम घोषित

- ऋतुराज गायकवाड कप्तानी करेंगे
- 1 अक्टूबर को लखनऊ में मुकाबला




ईरानी कप 2024 के लिए डिफेंडिंग चैंपियन रेस्ट ऑफ इंडिया के स्क्वॉड का ऐलान हो गया है। मंगलवार को 15 सदस्यी टीम का ऐलान किया गया। टीम की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड करेंगे। वहीं अभिमन्यु ईश्वरन को उपकप्तान बनाया गया है। टीम में ईशान किशन को भी शामिल किया गया है। ईशान ने दलीप ट्रॉफी में हिस्सा लिया था।

दलीप ट्रॉफी में ऋतुराज गायकवाड इंडिया सी के कप्तान थे। टीम 3 मैचों में 1 जीत, 1 हार और 1 ड्रॉ के साथ पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर रही। उन्होंने 3 मैचों में 232 रन बनाए।

ईरानी कप 2024 में रेस्ट ऑफ इंडिया का सामना 2023 की रणजी ट्रॉफी चैंपियन मुंबई से होगा। मुकाबला लखनऊ के इकाना स्टेडियम में 1 से 5 अक्टूबर तक खेला जाएगा।

जुरेल और यश दयाल भी टीम में ध्रुव जुरेल और यश दयाल को भी रेस्ट ऑफ इंडिया टीम में मौका मिला है। ये दोनों खिलाड़ी बांग्लादेश सीरीज के लिए टेस्ट टीम में भी हैं। अगर इन खिलाड़ियों को टेस्ट मैच में प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला तो इन्हें ईरानी कप के लिए टीम इंडिया से रिलीज कर दिया जाएगा।

### रहाणे मुंबई की कप्तानी करेंगे

ईरानी कप के लिए मुंबई ने अनुभवी अंजिक्य रहाणे को कप्तानी सौंपी है। 2015-16 तक मुंबई ने रणजी ट्रॉफी के 41 खिताब अपने नाम किए थे। टीम फिर अगले 6 टूर्नामेंट में ट्रॉफी नहीं जीत सकी। 2016 और 2021 में टीम फाइनल में पहुंची थीं, लेकिन सौराष्ट्र और मध्य प्रदेश से हार गई।

पिछले साल फिर अजिंक्य रहाणे टीम इंडिया से बाहर हुए। जिसके बाद मुंबई ने उन्हें अपनी रणजी टीम का कप्तान बना दिया। टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और फाइनल में विदर्भ को हराकर 42वीं बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीत लिया। टीम की खिताबी जीत 6 साल बाद आई।


## उल्हासनगर महानगरपालिका

वैद्यकिय आरोग्य विभाग
राष्ट्रीय आरोग्य अभियान
कंत्राटी पदभरती जाहीरात

NATIONAL HEALTH MISSION, MAHARASHTRA
NHM
राष्ट्रीय आरोग्य अभियान महाराष्ट्र

उल्हासनगर महानगरपालिका कार्यक्षेत्रात वैद्यकिय आरोगय विभागात राष्ट्रीय शहरी आरोग्य अभियानांतर्गत नागरी प्राथमिक आरोग्य केंद्र स्तरावर योग सत्र सन 2024-25 करिता लागणारे योग प्रशिक्षक यांची निवड करण्या बाबत कंत्राटी पद्धतीने पदभरती साठी जाहिरात प्रसिद्ध करावयाची आहे. खालील तक्त्यांत दर्शविल्याप्रमाणे योग प्रशिक्षक कंत्राटी पद्तीने करार तत्वावर खालील पांसाठी दिनांक 25/09/2024 ते दिनांक 04/10/2024 रोजीपर्यंत अर्ज मागविण्यात येत आहेत. तरी पात्र व इच्छुक उमेदवारांनी अर्ज उल्हासनगर महानगरपालिका वॉर रूम, दुसरामजला येथे कार्यालयीन वेळेत सादर करावेत.

| अ.क्र. | पदाचे नाव | रिक्त पदांची संख्या | आवश्यक शैक्षणिक अर्हता | एकत्रित मानधन | नियुक्ती |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | योग प्रशिक्षक | 8 | YCB Certificate yoga professionals level 1 yoga instructor/YCB Certified yoga professional level 2 Yoga teacher/P.G.D in Yoga Therapy 1 year/Diploma in yoga Education/ B.A/M.A in yoga | प्रति सत्र रू.250/- | नागरी प्राथमिक आरोग्य केंद्र |

**अटी व शर्तीः-**

योग प्रशिक्षक यांची निवड करणेसाठी खालीलप्रमाणे अटी शर्तीची पूर्तता करणे आवश्यक आहे.

1. शैक्षणिक पात्रताः उमेद्वार शासन मान्यता प्राप्त विद्यापीठातून योगप्रशिक्षणाची पदवी धारण केलेला असावा. सोबत मान्यताप्राप्त विद्यापीठांची यादी जोडण्यात आलेली आहे.
2. आरोग्यवर्धिनी कार्यक्रमांतर्गत महानगरपालिकेतील प्राथमिक नागरी आरोग्य केंद्र स्तरावर योगसत्र आयोजित करावयाचे आहे.
3. योगशिक्षक यांना योगसत्र घेण्यासाठी रू. 250/- प्रत्ती योगसत्र याप्रमाणे मानधन देण्यात येईल याव्यतिरिक्त कोणत्याही प्रकारचे प्रवास भत्ता, इंधन खार्थ, दैनिक भत्ता देय असणार नाही.
4. योग प्रशिक्षकाने एक दिवसात एकाच संस्थे मध्ये दोन पेक्षा जास्त योग सत्र घेऊ नयेत तसेच आयुष्मान आरोग्य मंदिर-नागरी प्राथमिक आरोग्य केंद्रात प्रति माह 2 योग सत्र घ्यावे. 2 पेक्षा जास्त योग सत्र घेता येणार नाहीत. जास्तीचे योगसत्र घेतल्यास सदर जास्तीचे योग सत्राचे मानधन देव असणार नाही.
5. योगशिक्षक हे पद राज्य शासनाचे नियमित पद नसून निव्वळ सत्रनिहाय मानधनावरील असल्याने सदरील पदावर कोणताही प्रकारचा हक्क उमेद्वारास असणार नाही तसेच शासनाचे कोणत्याही प्रकारचे लाभ देय राहणार नाही.

**खालीलप्रमाणे आवश्यक असलेल्या मुळ कागदपत्रांच्या साझाकित केलेल्या छायाकिंत प्रती अर्जाच्या नमुन्याला जोडाव्यात**

1. पूर्ण माहिती भरलेला फॉर्म
2. शैक्षणिक अर्हतेबाबतची प्रमाणपत्रे व गुणपत्रिका
3. रहिवाशी दाखला
4. शाळा सोडल्याचा दाखला/जन्मतारखेचा दाखला
5. पासपोर्ट आकाराचे 2 फोटो
7. अर्जदार विवाहित असल्यास विवाह नोंदणी प्रमाणपत्र तसेच नाव बदल असल्यास राजपत्र (Gazette)
6. आधारकार्ड
8. शासकीय/निमशासकीय/खाजगी संख्यामध्ये केलेल्या कामाचे अनुभव असलेस अनुभव प्रमाणपत्र.
9. MS-CIT प्रमाणपत्र 10. अर्ज सादर करण्याचा अंतिम दिनांकः-04/10/2024 सांग. 5.00 पर्यंत.

**अधिक माहितीसाठी www.umc.gov.in संकेतस्थळास मेट द्यावी.**

सही/-
**(डॉ. मोहिनी धर्मा)**
वैद्यकिय आरोग्य अधिकारी
उल्हासनगर महानगरपालिका

जा.क्र.उमपा/पीआरओ/357/2024
दि. 24/9/2024

# ब्राह्मण और राजपूतों के लिए निगम का गठन

■ 50-50 करोड़ रुपये बजट आवंटित

■ शिंदे सरकार का बड़ा फैसला

**मुंबई.** महाराष्ट्र की शिंदे सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए ब्राह्मण और राजपूत जातियों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए दो अलग-अलग निगमों के गठन की घोषणा की है। समाचार एजेंसी के अनुसार महाराष्ट्र कैबिनेट ने सोमवार को इसकी मंजूरी दे दी है।

कैबिनेट के फैसले के अनुसार ब्राह्मण जातियों के लिए 'परशुराम आर्थिक विकास निगम' और राजपूत समुदाय के लिए 'वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप आर्थिक विकास निगम' का गठन किया जाना है। दोनों निगमों को कैबिनेट ने 50-50 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले सोमवार को राज्य सरकार ने कैबिनेट बैठक में 24 अहम फैसले लिए हैं। महायुति सरकार ने बाह्मण और राजपूत समुदाय के लिए आर्थिक विकास महामंडल गठित करने की मंजूरी दी है। इस निगम की स्थापना ब्राह्मण और क्षत्रिय समुदाय के आर्थिक विकास



के लिए की गई है। वहीं, तीन कुनबी उपजातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में शामिल करने का निर्णय लिया गया है।

■ इन निगमों के गठन को दी मंजूरी

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में ब्राह्मण समुदाय के लिए भगवान परशुराम आर्थिक विकास निगम को कैबिनेट की मंजूरी दी है। वहीं, राजपूत समाज के लिए वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप आर्थिक विकास निगम को मंजूरी दी गई है। ब्राह्मण समुदाय इस निगम की स्थापना के लिए कई दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहा था। अंततः कैबिनेट की बैठक में इस पर फैसला लिया है।

■ सर्व समाज को खुश करने की कोशिश

राज्य में मराठा आरक्षण की मांग उठने के बाद हर समुदाय आक्रामक हैं। उसी पृष्ठभूमि में, ब्राह्मण समुदाय भी छात्रों को सरकारी लाभ प्रदान करने के लिए परशुराम आर्थिक विकास निगम की मांग कर रहा था। इसके लिए कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन भी किए गए। आखिरकार विधानसभा चुनाव से पहले परशुराम आर्थिक विकास निगम को मंजूरी दी गई है। इस तरह राज्य सरकार ने सर्व समाज को खुश करने की कोशिश की है।

## संक्षेप...

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**भिवंडी.** मुंबई-नाशिक महामार्ग से ठाणे की तरफ जा रहे बाइक सवार को तीव्र गति से आ रहे अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से अधिक खून बहने से मौके पर मौत हो गई.हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक फरार हो गया. मिली जानकारी के अनुसार, मुंबई नासिक महामार्ग से मुनिराज नामक युवक बाइक से ठाणे की तरफ जा रहा था.अचानक पीछे से आया अज्ञात वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया.जोरदार टक्कर के कारण मुनिराज की मौके पर ही मौत हो गई.

### महिला आर्किटेक्ट ने गंवाए 3.37 लाख

**मुंबई.** डेटिंग ऐप टिंडर पर मुंबई की एक महिला से लाखों की ठगी का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। दिलचस्प बात यह है कि पहले ही 3.37 लाख रुपये गंवा चुकी इस महिला से 5 लाख रुपये और ठगे जाने वाले थे। लेकिन सिर्फ एक बैंक कर्मचारी की सतर्कता से उक्त महिला बड़ा नुकसान होने से बच गयी. लेकिन, इस महिला के पहले खोए 3.37 लाख रुपये वापस मिलना मुश्किल है और पुलिस में दर्ज शिकायत के आधार पर आगे की जांच शुरू कर दी गई है.

पीड़िता की मुलाकात धोखेबाज से डेटिंग ऐप टिंडर पर हुई थी। पीड़िता 43 वर्षीय आर्किटेक्ट है और मुंबई में रहती है। आरोपी ने अपना नाम 'अद्वैत' बताकर महिला को झांसे में लिया।

# रिश्वतखोर अधिकारियों को करें निलंबित अन्यथा उग्र आंदोलन

■ मनसे ने भिवंडी आयुक्त से की मांग

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा के प्रशासक राज्य में भ्रष्ट, रिश्वत खोर अधिकारियों की वजह से भिवंडी मनपा की साख पर बट्टा लग चुका है

मनपा प्रशासक मनपा प्रशासन की भ्रष्ट कार्यप्रणाली का आलम यह है कि, करीब 8 माह पूर्व प्रापर्टी टैक्स रिश्वतखोरी प्रकरण में रंगे हाथ गिरफ्तार 3 कर्मचारियों को पैसा लेकर मनमाफिक पद से नवाजा गया है.मनसे जिलाध्यक्ष मनोज गुलवी ने मनपा प्रशासन की भ्रष्ट कारगुजारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए मनपा मुख्यालय के सामने धरना दिया और भ्रष्ट अधिकारियों को 10 दिनों में पद से




निलंबित किए जाने की मांग की अन्यथा मनपा प्रशासक वैद्य की भ्रष्ट नीतियों के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है.

गौरतलब हो कि, प्रापर्टी टैक्स रिश्वतखोरी प्रकरण में शामिल 3 भ्रष्ट कर्मचारियों को पैसा लेकर मनपा प्रशासक अजय वैद्य पर मनमाफिक पद देने का गंभीर आरोप मनसे जिलाध्यक्ष मनोज गुलवी ने लगाया है. करीब 8 माह पूर्व टैक्स रिश्वतखोरी में शामिल होने पर एसीबी द्वारा रंगे हाथ गिरफ्तार किए जाने के बाद भी भ्रष्ट कर्मियों को मनमाफिक पद सौंपा गया है.उक्त गंभीर मुद्दे को लेकर मनसे जिलाध्यक्ष गुलवीं ने मनसे पदाधिकारियों के साथ मनपा मुख्यालय के समक्ष धरना देते हुए मनपा प्रशासन को चेतावनी दी है कि, 10 दिनों के अंदर भ्रष्ट,रिश्वतखोर अधिकारियों को पद से निलंबित किया जाए अन्यथा सड़क पर उतरकर मनपा प्रशासक के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया जाएगा.

# नेत्रहीन दंपति का बच्चा ले लिया गोद!

■ डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**कल्याण.** कल्याण के मोहना गालेगांव के एक अंधे जोड़े को धोखा दिया गया और उनके नवजात बच्चे को बिना किसी सूचना के छत्तीसगढ़ राज्य के एक जोड़े ने आपसी सहमति से गोद ले लिया। इस मामले में नेत्रहीन दंपति की शिकायत के बाद जिला महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से हस्तक्षेप के बाद मोहने में गणपति नर्सिंग होम नेव क्लिनिक चलाने वाले डॉक्टर अनुराग धोनी के खिलाफ खडकपाड़ा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया. बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया अवैध तरीके से की गई और डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

कल्याण तालुका के मोहना गोलेगांव में एक अंधा जोड़ा रहता है। दंपति के दो बच्चे हैं, एक



लड़का और एक लड़की। जब अंधी महिला तीसरी बार फिर से गर्भवती हुई तो वह गांव के ही गणपति नर्सिंग होम में डॉ. अनुराग धोनी से जांच कराने गई। उन्होंने डॉ. धोनी से कहा कि उन्हें इस बार यह बच्चा नहीं चाहिए. लेकिन अब आप तीन महीने की गर्भवती हैं और डॉक्टर धोनी ने अंधे जोड़े से कहा कि आप गर्भपात नहीं करा सकते।

लेकिन आपके इस बच्चे को जन्म देने के बाद मेरे परिचित के इच्छुक माता-पिता इसे गोद ले सकते हैं। बदले में, उक्त माता-पिता आपके सभी अस्पताल खर्चों और आपके दोनों बच्चों की शिक्षा के लिए पैसे में मदद करेंगे। कानूनी प्रक्रिया न जानने के कारण नेत्रहीन जोड़े ने इसके लिए सहमति दे दी। लेकिन पिछले महीने डिलीवरी के बाद डॉ. धोनी ने नेत्रहीन दंपत्ति से बात किए बिना बच्चे को सीधे छत्तीसगढ़ के कौर नाम के दंपत्ति को दे दिया।

इसके बाद जब संबंधित नेत्रहीन दंपति ने आर्थिक सहायता और अस्पताल के खर्च के बारे में पूछा तो डॉक्टर ने देने से साफ इनकार कर दिया. इसलिए हमें हमारा बच्चा वापस दे दो, हम उसकी देखभाल करेंगे।' लेकिन डॉक्टर ने प्रसव कराने से इनकार कर दिया. जब अंधे जोड़े के बगल वाले परिवार को इस पूरी स्थिति के बारे में पता चला, तो उनकी मदद से एक से दो सप्ताह के बाद बच्चे को अंधे माता-पिता के पास वापस ले जाया गया।


इसके बाद जैसे ही जिला महिला एवं बाल विकास विभाग को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने हस्तक्षेप किया और डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी. इसी पृष्ठभूमि में डॉ. अनुराग धोनी के खिलाफ खड़कपाड़ा थाने में अवैध रूप से बच्चा गोद लेने का मामला दर्ज किया गया है और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है. बहुत संभव है कि वह पहले भी इसी तरह से कुछ लोगों को ठग चुका हो.

नेत्रहीन दंपत्ति को धोखा देने के बाद डॉ. अनुराग धोनी ने प्रसव के बाद संबंधित नेत्रहीन महिला को गर्भनिरोधक गोलियां दे दीं. जिला महिला बाल विकास अधिकारी महेंद्र गायकवाड़ ने कहा, इसके चलते ऐसी चौंकाने वाली और निंदनीय हरकत करने वाले डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और मामले की और गहनता से जांच की जा रही है।

# मनो रोगियों को फल व बिस्किट वितरण कर मना जन्मदिन

**ठाणे.** शहर में स्थित मनो रुग्ण अस्पताल में दिमागी बीमारी से जूझ रहे मरीजों को अस्पताल के स्वास्थ्य अधीक्षक डॉ. नेताजी मुलिक, जिला जनसंपर्क अधिकारी मनोज सानप, उप स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता आलसपुरकर, डॉ विजया खांडपेकर के उपस्थिति में निर्भय पत्रकार संगठना के सचिव चंद्रभूषण विश्वकर्मा का जन्मदिन फल व बिस्किट वितरण कर समाज को दिया संदेश। अस्पताल के अधीक्षक डॉ मुलिक व जनसंपर्क अधिकारी सानप ने कहा कि इस तरह से जन्मदिन का संदेश समाज को एक नया संदेश देगा।जनसंपर्क अधिकारी सानप मरीजों की दशा देखकर भाउक हो गये। इस अवसर पर पत्रकार सुदाम खारकर,धर्मेंद्र उपाध्याय, जितेंद्र मिश्रा, जया विश्वकर्मा , समाज सेविका राजश्री खारकर,अस्पताल की मेट्रन संख्ये, मोरे, डायटीशियन प्रिया, सिस्टर अनुराधा ससाणे, कुक किरण अंदाड़े, बिरजू चौहान, भाग्यश्री, कल्पना आदि लोग मौजूद रही।

## विश्व गुर स्वामी करुणानंद सरस्वती नही रहे



भानपुर शक्ति पी ठा धी श्व र सार्वभौम विश्व गुरु स्वामी क रु णा न न्द सरस्वती महाराज का शरीर आज शान्त हो गया।कल उनका पार्थिव शरीर शिष्यों एवम् भक्तों के दर्शनार्थ शक्ति पीठ करुणाकर आश्रम भानपुर में रहेगा।स्वामी जी के पार्थिव शरीर को 25 सितम्बर को प्रातः 10 बजे भू-समाधि दी जायेगी।

# पानी बिल के बकायेदारों पर मनपा की कार्रवाई

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** मनपा क्षेत्र के अंतर्गत पानी के बिल बकायादारों की मनपा पानी विभाग की ओर से वसूली शुरू किया है।इस मुहिम के तहत मनपा क्षेत्र के अंतर्गत 611 नल कनेक्शन को खंडित कर 30 मोटर पंप जप्त किया।पानी के बिल वसूली अभियान के दौरान 33 करोड़ रुपये की वसूली हुआ।मनपा ने आवाहन किया है कि समय पर बिल भरकर मनपा का सहयोग करें।मनपा पानी विभाग का बकाया राशि 224 करोड़ रुपये घरेलू और 76 करोड़ रुपये बकाया व 148 करोड़ रुपये चालू



साल का है।पानी के बिल का भुगतान नहीं करने वाले कनेक्शन धारक के कनेक्शन को खंडित कर पानी की सप्लाई बंद कर दिया जायेगा।मनपा आयुक्त सौरभ राव ने यह स्पष्ट निर्देश दिया है।वही मनपा अतिरिक्त आयुक्त 1 संदीप मालवी ने बिल का साप्ताहिक वसूली का लक्ष्य निर्धारित कर पानी बिल वसूली के लिए अभियान शुरू करने के लिए कहा।वही खंडित नल कनेक्शन का बिल का भुगतान किये बिना नल कनेक्शन जोड़ने पर मामला दर्ज करने के लिए उप नगर अभियंता विनोद पवार ने कहा।

बकाया बिल का भुगतान करने पर प्रशासनिक नियम के तहत छूट

मनपा क्षेत्र के अंतर्गत घरेलू नल कनेक्शन धारक के लिए बकाया राशि व चालू साल के राशि को जमा करने पर प्रशासकीय नियम के तहत 100 प्रतिशत छूट देने के लिए मनपा आयुक्त सौरभ राव ने निर्देश दिया है।यह योजना 1 सितंबर से 31 मार्च 2025 तक लागू रहेगी।मनपा ने इस योजना का लाभ लेने के लिए नागरिकों से आवाहन किया है।यह योजना केवल घरेलू नल कनेक्शन धारकों के लिए है।

# डोंबिवली के पिसवली में राहुल पाटिल के गुंडों का आतंक

### लोगों में डर का माहौल

**कल्याण.** पिसवली, आदिवली- ढोकली, कल्याण पूर्व इलाके में भाई राहुल पाटिल के गुंडों का आतंक बढ़ने से स्थानीय लोगों में डर का माहौल है. राहुल भाई के आकाश भोईर और उनके समर्थकों ने शनिवार आधी रात को दो राहगीरों की बेरहमी से पिटाई कर दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों को शांत रहने की सलाह दी तो बदमाशों ने उनके साथ भी धक्का-मुक्की और गाली-गलौज की और पुलिस के सामने से भाग गए.

स्थानीय निवासियों ने कहा कि चूंकि इन गुंडों को अब पुलिस का डर नहीं है, इसलिए उनकी हिंसा बढ़ गई है. पिसावली क्षेत्र निवासी सचिन टाक और उसका दोस्त मयूर खान शनिवार आधी रात काम से घर लौट रहे थे। वह पिसावली क्षेत्र से पैदल घर जा रहा था। उस वक्त राहुलभाई पाटिल के समर्थक आकाश भोईर सड़क किनारे



सिगरेट पी रहे थे.

आकाश ने सिगरेट का कश लिया और उसका धुंआ सड़क पर चल रहे राहगीर सचिन टाक के चेहरे पर छोड़ दिया. सचिन ने आरोपी आकाश भोईर से पूछा कि बिना वजह मेरे चेहरे पर सिगरेट का धुआं क्यों छोड़ा। आकाश ने बिना कुछ कहे सचिन को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। इसके बजाय आकाश ने अपने दो समर्थकों को मौके पर बुला लिया। तीनों ने मिलकर सचिन को लात मारकर जमीन पर गिरा दिया। हम राहुलभाई पाटिल के लोग हैं। हम प्रभावित नहीं होना चाहते. गुंड आकाश ने सचिन को धमकी दी कि वह यहां आवाज भी नहीं करेगा.

सचिन ने तुरंत आधी रात को मानपाड़ा पुलिस से संपर्क किया। कांस्टेबल लखन म्हात्रे, पी. के. रमन्ना मौके पर आये. सचिन टाक ने कहा कि आकाश भोईर और उनके समर्थकों ने बिना किसी कारण के उनकी हत्या कर दी. पुलिस ने आकाश को शांत रहने और वहां से चले जाने को कहा. उस समय आकाश के पास हमें सिखाने के लिए कुछ नहीं था. समझना नहीं चाहते. तुम तो यहाँ से छुपकर चले जाते थे।

इतना कहकर आकाश हवलदार म्हात्रे रमन्ना को गाली देते हुए भागा। हम राहुलभाई पाटिल के लोग हैं। आप नाडी नहीं बनना चाहते. आकाश भोईर ने पुलिस को धमकी दी कि वह उसे इस इलाके में घूमने नहीं देगा और बाइक पर सवार होकर वहां से भाग गया. कल्याण, डोंबिवली में बदमाशों का आतंक बढ़ने लगा है। धोखाधड़ी करने वाले चोर, सेंधमारी, राहगीरों को लूटने की वारदातें बढ़ने लगी हैं। नागरिक सवाल उठा रहे हैं कि क्या शहर में कानून व्यवस्था है.

## आम सूचना

मैं श्रीमती मधु धर्मेंद्र कुमार पांडे सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, सेंचुरी कालोनी के पीछे, मुरबाड रोड, धोबीघाट, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 03एओ017498100) उक्त प्रॉपर्टी श्री वसे अहमद मोहम्मद उमर शेख व श्री धर्मेंद्र करुणाशंकर पांडे के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 5.4.2024 सी.नं. 1761/2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्रीमती मधु धर्मेंद्र कुमार पांडे**

# ऐश्वर्या राय ने पेरिस में दिखाया फैशन का जलवा



पेरिस फैशन वीक 2024 का आगाज हो गया है. ऐश्वर्या राय बच्चन और आलिया भट्ट ने फैशन का जलवा पेरिस फैशन वीक में रैंप वॉक कर दिखाया. दोनों की अदा ने हर किसी का दिल जीत लिया. दोनों एक्ट्रेस ब्यूटी कंपनी लोरियल की ब्रांड एंबेसडर हैं. ऐश्वर्या जहां पिछले कई सालों से इस फैशन वीक का हिस्सा बन रहा हैं. वहीं, आलिया इस ब्यूटी कंपनी के लिए पहली बार रैंप पर उतरीं.

ऐश्वर्या राय बच्चन और आलिया भट्ट दोनों बॉलीवुड की शानदार एक्ट्रेस हैं, जिनकी हर अदा के लोग कायल हैं. रैंप पर दोनों ही पूरे जोश के साथ वॉक करती नजर आईं. अब सोशल मीडिया पर इस इवेंट के वीडियो वायरल हो रहे हैं.

### ऐश्वर्या ने सादगी से लूटी महफिल

पेरिस फैशन वीक 2024 में ऐश्वर्या का जहां ग्रेसफुल अवतार फिर दिखा, वहीं आलिया हमेशा की तरह क्यूट लुक में दिखीं. ऐश्वर्या राय ने पेरिस फैशन वीक 2024 में रैंप वॉक करके सभी ध्यान खींचा. उन्होंने रेड सैटिन फिनिश बलून मैक्सी ड्रेस कैरी की थी. इसमें एक बड़ी ट्रेल भी जुड़ी हुई थी. इस लुक को कंप्लीट करने के लिए उन्होंने रेड बोल्ड लिप्स और फ्रिजी ओपन हेयरस्टाइल को चुका. इन लुक में ऐश्वर्या किसी स्टार डीवा से कम नहीं लगीं. ऐश्वर्या राय ने लरहराते बालों के साथ जब एंट्री की तो जैसे सारे दिल थम गए हों. उन्होंने वॉक खत्म करके 'नमस्ते' के साथ सबका स्वागत किया.




उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel उल्हास वि NEWS




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099